Need to run Bhuj-Bandra Terminus weekly SF Express (Train no. 12960 and 12966) on daily basis.-laid

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर **(**बनासकांठा**) :** मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान निम्न रेलगाड़ियों पर दिलाना चाहती हूँ, जिन्हें साप्ताहिक से दैनिक कराने की मांग है । जैसे, भुज ? बांद्रा गाड़ी संख्या 12966 जो प्रत्येक शुक्रवार को भुज से गांधीधाम, भाभर, डीसा और पालनपुर होकर बांद्रा जाती है, तथा गाड़ी संख्या 12960 जो प्रत्येक सोमवार को इसी मार्ग पर चलती है, वर्तमान मे सप्ताह में केवल दो दिन ही संचालित होती है । इस क्षेत्र (भाभर, डीसा, राधनपुर, भीलड़ी, थराद, सुईगाम और वाव) से सूरत और मुंबई के लिए प्रति दिन 35 से अधिक निजी बसें चलती हैं । दैनिक ट्रेन सेवा के अभाव मे स्थानीय लोगों को मजबूरी मे बस से यात्रा करनी पड़ती है, जिससे लोगों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ और मानसिक तनाव होता है । यदि इन ट्रेनों को दैनिक कर दिया जाए तो न सिर्फ भाभर बल्कि राधनपुर, भीलड़ी, डीसा एवं थराद जैसे बड़े तहसीलों की जनता को बहुत महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी । इससे ट्रेनों को पर्याप्त यात्री भी मिलेंगे, जिससे रेल विभाग को भी लाभ होगा । अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त गाड़ियों को दैनिक कराकर स्थानीय लोगों को सुविधा प्रदान कराने की कृपा करें ।